आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :407 पृष्ठ -4 दिनांक 20 फरवरी 2025 दिन गुरूवार

# अखिलेश यादव के बयानों पर भड़के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कहा- इनका हाजमा हुआ खराब

## डिप्टी सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के लोग ज्ञान न दे तो अच्छा है

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने महाकुंभ को लेकर उठाए जा रहे सवालों को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पल. टवार किया है. उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता खुशी से झूम रही है, चारों और विकास कार्य दिखाई दे रहा है लेकिन ये सब देखकर उनका हाजमा खराब हो गया है. मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव हों या ममता बनर्जी जो भी कुंभ का विरोध कर रहा है वो अपनी पार्टी को रसातल में ले जा रहा है.डिप्टी सीएम ने कहा कि ष्समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के लोग ज्ञान न दे तो अच्छा है. जिस तरह से देश प्रदेश की सेवा हो रही है. देश–प्रदेश की जनता खुशी से झूम रही है, विकास का कार्य दिखाई दे रहा है. ये समाजवादी पार्टी को दिखाई नहीं दे रहा है उनका हाजमा खराब है. कुंभ की सफलता से ये जैसे



विक्षिप्त अवस्था में पहुंच गए हैं बार–बार कुंभ..कुंभ करते हैं.ष केशव मौर्य ने आगे कहा कि कुंभ इतना सफल हुआ उसका स्वागत करिए. आप यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हो, यहां के सांसद हो.. एक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हो लेकिन, उनकी तुष्टिकरण की राजनीति इसमें नहीं सधती इसलिए वो ऐसी बात करते हैं. चाहे अखिलेश यादव हो या ममता बनर्जी या फिर मल्लिकार्जुन खडगे हों जो कुंभ का विरोध कर रहे हैं वो अपने आप को और अपनी पार्टी को रसातल की ओर ले जा रहे हैं. इससे पहले उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विरोधी दलों के नेताओं का आड़े हाथों लिया था उन्होंने पोस्ट किया– श्श्री अखिलेश यादव और सुश्री ममता बनर्जी को सिर्फ माफिया, मोहर्रम, मौलाना और मुस्लिम तुष्टीकरण पसंद है, इसलिए उन्हें भारतीय संस्कृति के विराट स्वरूप महाकुंभ से चिढ़ हो रही है. महाकुंभ को "मृत्युकुंभ" कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है. इस तरह के बयान विक्षिप्त मानसिकता को प्रदर्शित करता है.श्बता दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार महाकुंभ को लेकर सवाल उठा रहे हैं. वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो महाकुंभ को मृत्युकुंभ तक बता दिया. उनके इस बयान को लेकर काफी विवाद हो गया है. बीजेपी समेत तमाम साधु–संतों और धार्मिक गुरुओं ने इस वक्तव्य पर नाराजगी जाहिर की है।

## लखनऊ चारबाग स्टेशन पर यात्रियों की टिकट जांच रही थी फर्जी महिला TTE, ID कार्ड देखा तो सब हो गए हैरान

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां चारबाग रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने एक फर्जी महिला टीटीई को गिरफ्तार किया है. ये महिला रेलवे स्टेशन पर हाथ में कॉपी–पैंसिल लेकर यात्रियों की टिकट चेक कर रही थी. महिला ने गले में रेलवे का आई कार्ड भी पहना था. लेकिन जब रेलवे कर्मचारियों को उस पर शक हुआ तो उसकी पोल खुल गई. इस युवती का नाम काजल सरोज है, बताया जा रहा है ये महिला चारबाग रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम में यात्रियों से उनकी टिकट चेक कर रही थी. उसने बाकायदा रेलवे की ड्रेस, कोट, गले में लाल रंग टाई और आईकार्ड पहना हुआ था ताकि उसे काई पहचान नहीं सके. उसे देखकर जब दूसरे रेलक. र्मियों का शक हुआ तो स्टेशन अधीक्षक अरविंद बघेल ने उससे पूछताछ की तो महिला के आईकार्ड पर जो कर्मचारी संख्या उसका तैनाती स्थल और तमाम चीजे लिखी हुई थी वो सब फर्जी थी. बताया जा रहा है कि स्टेशन अधीक्षक को मंगलवार को सुबह नौ बजे इस बात की सूचना मिली कि कोई महिला टीटीई की ड्रेस पहनकर टिकट चेक कर रही है. जिसके बाद स्टेशन अधीक्षक ने उसका आईकार्ड मांगा, जिस पर उसका नाम काजल सरोज लिखा था. उसके पिता का नाम छोटेलाल सरोज और घर का पता ग्राम मालेपुर, संत रविदास नगर भदोही का छपा था. इसके साथ ही कर्मचारी नंबर 20137081345 अंकित था. जब इसकी जांच की गई तो टीटीई चेकिंग कैडर में इसकी कोई जानकारी नहीं मिली. जिसके बाद स्टेशन अधीक्षक ने महिला आरक्षी को बुलाया और उसे थाना जीआरपी को सुपुर्द कर दिया. इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है. जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. स्टेशन अधीक्षक का कहना है कि उन्हें स्टेशन पर ही एक कर्मचारी ने शक होने पर शिकायत की थी.

**महाकुंभ पर बीते कुछ दिनों से आरजेडी प्रमुख लालू यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दिए गए बयान पर जमकर विवाद** हो रहा है. इन विवादों पर जमकर सियासी बयानबाजी हो रही है और आरोप–प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं. इन नेताओं के बयान पर यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जवाब दिया है.ये क्या है. ये गैरजिम्मेदाराना बयान है. सपा, कांग्रेस और आरजेडी और टीएमसी नेताओं द्वारा सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन पर सवाल हुए. सनातन धर्म की आस्था को आगे बढ़ा क्या अपराध है. हम मानते हैं कि सनातन धर्म इस देश का राष्ट्रीय धर्म है. इसकी सुरक्षा मानव की सुरक्षा की गारंटी है. महाकुंभ में क्रिकेटर मो. हम्मद शमी ने भी स्नान किया.हमें ये सब बुरा नहीं लगा क्योंकि हम जानते हैं कि संक्रमित व्यक्ति का कोई उपचार नहीं होता है. अखिलेश यादव ने भी वहां जाकर डुबकी लगाए. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए महाकुंभ को मृत्यु कुंभ की संज्ञा दी है. उनके इस बयान पर अब विवाद खड़ा हो गया है.

## गन्ने का रेट नहीं बढ़ने से राकेश टिकैत नाराज, कहा– किसान कर्ज में डूबकर कर रहे आत्महत्या

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्रसेन की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए सहारनपुर पहुंचे. इस मौके पर राकेश टिकैत ने मीडिया से बात करते हुए किसानों की आत्महत्या, गन्ने की कीमत और महाकुंभ में भगदड़ की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा.राकेश टिकैत ने किसानों की आत्महत्या के सवाल पर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि आत्महत्या आदमी कर्ज में डूबने के बाद करता है. राकेश टिकैत ने कहा कि जिसके नाम जमीन हो सिर्फ वही कर्जाधारी आत्महत्या करा रहा है, ऐसा नहीं है बल्कि परिवार के सदस्य भी मजबूरी में आत्महत्या जैसे खौफनाक कदम उठा रहे हैं. भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा, ष्महिला किसान भी आत्महत्या कर रही हैं. महिला किसान तो हैं नहीं, वह गुरदस में आत्महत्या करती हैं.ष उन्होंने आगे कहा, ष्जब घर में करीबी होती है और परिवार कर्ज में डूबा रहता है, तब अशांति रहती है. तब लोग खौफनाक कदम उठा लेते हैं. ज्यादतर आत्महत्या कर्ज में होती है. सरकार ने नहीं बढ़ाया गन्ने का रेट यूपी में गन्ने की कीमतों को लेकर राकेश टिकैत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. उन्होंने दावा किया कि सरकार ने गन्ने का पिछला रेट ही बता दिया, रेट बढ़ाया ही नहीं है. राकेश टिकैत ने कहा कि रेट बढ़ाने की घोषणा सीजन चलने से पहले करनी चाहिए. उन्होंने कहा, ष्फसल की कीमतों को लेकर जैसे ही आंदोलन हो रहे हैं, वैसा ही वे रेट बढ़ा रहे हैं. जिसकी वजह से लोग दूसरे धंधों में लग रहे हैं.बीकेयू (टिकैत गुट) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा,ष्अब लोग जाति, धर्म के आधार पर वोट देते है. अब तो जाति, धर्म छोड़कर लोग गौत्र सिस्टम पर आ गए. यह मेरे गोत्र का है, इसे जिता दो.ष उन्होंने आगे कहा, ष्देश में चुनाव मुद्दों के आधार पर नहीं होते हैं. ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा, ष्लोग बंटे हुए हैं. सरकार कह रही है– बंटोगे तो कटोगे. हमने कहा है बांटोगे तो लूटोगे.राकेश टिकैत ने महाकुंभ पर क्या कहा? महाकुंभ में भगदड़ की घटना का जिक्र करते हुए राकेश टिकैत ने कहा, ष्अगर एक ही समय पर ज्यादा भीड़ इकट्ठी होगी तो यह प्रशासन की जिम्मेदारी है कि भीड़ को किधर लेकर जाना है.ष उन्होंने कहा कि एक ही पॉइंट यानी त्रिवेणी घाट पर अगर सभी जाएंगे तो इस तरह की घटना होती है. प्रयागराज में 45 किलोमीटर में पूरा शहर बसा हुआ है, हालांकि वह जहां पर भी जा रहे हैं, वहीं पर स्नान कर सकते हैं. बीकेयू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने महाकुंभ में भीड़ नियंत्रण को लेकर बयान दिया. उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर अत्यधिक भीड़ न जुटे, इसके लिए प्रोटोकॉल का पालन किया जाए. वीआईपी मूवमेंट के कारण भी लोगों को रोका जाता है, जिससे भीड़ बढ़त किसानों को बजट से नहीं है उम्मीदश बीकेयू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को बजट से कोई उम्मीद नहीं है. उन्होंने कहा कि जब तक आंदोलन नहीं होगा तब तक कुछ नहीं मिलेगा. टिकैत ने सरकार और विपक्ष दोनों पर निशाना साधते हुए कहा कि न तो विपक्ष कोई प्रभावी विरोध कर रहा है और न ही अब लाठीचार्ज, आंसू गैस या जेल जाने जैसी पुरानी परंपराएं बची हैं. उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से पूछा तो उन्होंने कहा, ष्साल 2027 में क्या होगा, क्या नहीं? मैं क्या ज्योतिषी हूं?

## बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने पार्टी प्रमुख मायावती को निशाना बनाकर की गई पूर्व सांसद उदित राज की हालिया टिप्पणियों की

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने पार्टी प्रमुख मायावती को निशाना बनाकर की गई पूर्व सांसद उदित राज की हालिया टिप्पणियों की बुधवार को निंदा की और इसे ''घृणित, शर्मनाक, अपमानजनक और निंदनीय'' बताया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार और पुलिस से इस मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए मिश्रा ने कहा कि अगर इस मामले में जल्द से जल्द प्राथ. मिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता, तो यह मान लेना चाहिए कि सरकार कांग्रेस के साथ मिली हुई है। उदित राज ने सोमवार को लखनऊ में संवाददाता सम्मेलन में मायावती पर निशाना साधते हुए दावा किया था कि उनके 'दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार और लालच' के बावजूद उनकी 'राजनीतिक ताकत लंबे समय तक बरकरार रही'। उन्होंने यह भी कहा कि मायावती ने 'सामाजिक आंदोलन का गला घोंट दिया है' और 'अब मायावती का गला घोंटने का समय आ गया है'। बसपा महासचिव मिश्रा ने बुधवार को 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद उदित राज द्वारा माननीय बहन कुमारी मायावती जी पर दिया गया घृणित शर्मनाक, अपमानजनक और निंदनीय बयान न सिर्फ माननीय बहन जी का अपमान है, बल्कि यह पूरे बहुजन समाज के दलितों और स्वाभिमानी भारतीयों की गरिमा पर करारा हमला हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह कांग्रेस का हमेशा से रहा दलित विरोधी, महिला विरोधी और जातिवादी मानसि. कता का घिनौना प्रमाण हैं। इस पार्टी ने इसी प्रकार डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी का भी अपमान किया था, जिसके चलते उन्होंने विधि मंत्री के पद से त्याग किया था।'' बसपा नेता ने कहा, ''उत्तर प्रदेश की चार बार की मुख्यमंत्री एवं पहली दलित महिला ने शासन की परिभाषा बदली, उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया, जिसकी वजह से अपराधी डरते थे। उन्होंने (मायावती) ने दलितों, पिछड़ों एवं



वंचितों को न्याय दिलाने के लिए व उनका स्वाभिमान बढ़ाने के लिये कई ऐतिहासिक फैसले लिए थे। वह भ्रष्टाचार, पूंजीवादी लॉबी और जातिवादी राजनीति के खिलाफ अडिग रहीं।'' कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मिश्रा ने कहा, ''जिन बहन जी ने करोड़ों शोषितों और वंचितों को सशक्त किया, उनके खिलाफ जहर उगलना कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं की गिरी हुई राजनीति का स्तर व दूषित मानसिकता को दिखाता है।'' मिश्रा ने कांग्रेस पर उदित राज की टिप्पणी को एक बड़ी राजनीतिक रणनीति के तहत इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। बसपा नेता ने कहा कि ''सम्पूर्ण भारत वर्ष का दलित व पिछड़ा वर्ग ऐसी कांग्रेस पार्टी व उनके गैर जिम्मेदार नेताओं के भाषणों व नौटंकियों को पूर्ण रूप से नकार चुका है और इसी हताशा में कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं से इस प्रकार की अनर्गल बातें करवा रही है और जान से मारने की खुली धमकी दे रही है।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस नेता जो पार्टी के प्रवक्ता भी हैं, वह इस तरह के बयान को देने की हिम्मत नहीं कर सकते थे जब तक कि उन्हें पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा न कहा गया हो। यह सब साबित करता है कि राहुल गांधी का दलित प्रेम सिर्फ एक फरेब, झूठा दिखावा एवं राजनीतिक नौटंकी है।'' समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए मिश्रा ने इस मुद्दे पर अखिलेश यादव की चुप्पी को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ''अखिलेश यादव हर मंच पर सामाजिक न्याय की बातें करते हैं, उनकी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। इस मामले में चुप्पी साधकर वह परोक्ष रूप से ऐसे घृणित बयान का समर्थन कर रहे हैं। अखिलेश यादव की चुप्पी इनका असली चेहरा भी उजागर करती हैं।

## सीएम योगी के मौलवी और कठमुल्ला वाले बयान पर अखिलेश यादव बोले– जो जुबान पर लगाम नहीं लगा सकते

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ के सदन में दिए मौलवी और कठमुल्ला वाले बयान पर पलटवार किया है. सपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री की भाषा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो जुबान पर लगाम नहीं लगा सकते. उन्हें तो खुद ही स्कूल जाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यूपी विधानसभा में भी असंसदीय भाषा का इस्तेमाल न हो इसकी क्लास होनी चाहिए. सपा अध्यक्ष ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी के बयान पर निशाना साधा और लिखा– श्दूसरों पर भाषागत प्रहार करके समाज में भेद उत्पन्न करनेवालों में यदि क्षमता हो तो यूपी में ऐसे वर्ल्ड क्लास स्कूल विकसित करके दिखाएं कि लोग बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर न भेजें, लेकिन इसके लिए विश्व दृष्टिकोण विकसित करना होगा. जो आज तक आसपास के एक–दो देश ही गये हों, उनका नजरिया कैसे इतना बड़ा हो सकता है कि वो इतना बड़ा काम कर पाएंगे.सपा अध्यक्ष का सीएम योगी पर पलटवारजो जुबान पर लगाम नहीं लगा सकते, उन्हें तो अभी खुद ही स्कूल जाने की जरूरत है. उप्र विधानसभा में असंसदीय शब्दों को इस्तेमाल न करने के लिए भी एक क्लास होनी चाहिए. उस स्पेशल क्लास के लिए एक विद्यार्थी तो मिल ही गया है बाकी भाजपाइयों से ये क्लास अपने आप भर जाएगी.वहीं अखिलेश यादव ने एक और बयान में कहा कि मौलाना बनना अच्छी बात है और योगी बनना भी अच्छी बात हैं लेकिन बुरा योगी नहीं बनना अच्छा नहीं है. जहां तक शिक्षा की बात है तो सपा की सरकार ने तो अपने कार्यकाल में लैपटॉप बांटे थे, मैं शर्त लगा सकता हूं जिस वार्ड में सीएम योगी रहते हैं वहां भी सपा के दिए लैपटॉप मिल जाएंगे. हम शिक्षा को रोकने वाले नहीं हम तो लैपटॉप देने वाले हैंदरअसल सीएम योगी के सदन में उर्दू और अंग्रेजी को लेकर सपा पर निशानासाधते हुए इसे उनका दोहरा चरित्र बताया और कहा कि ये लोग अपने बच्चों को तो अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ाते हैं और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ाने को कहते हैं और उन्हें मौलवी या कठमुल्ला बनाने के लिए मजबूर करते हैं.

### ममता बनर्जी के मृत्यु कुंभ बयान पर कांग्रेस MLA आराधना मिश्रा ने किया विरोध

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र और महाकुंभ को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने प्रतिक्रिया दी. महाकुंभ को सनातन धर्म का समागम बताते हुए कांग्रेस विधायक ने कहा कि इस पर सवाल उठाना उचित नहीं है. आराधना मिश्रा ने बुधवार को कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा समागम है. यह हम सबकी विश्वास और आस्था से जुड़ा हुआ है. दुखद घटना हुई, जिसमें सरकारी आंकड़ों के अनुसार तीस लोगों की मौत हुई है, इस पर हम सबकी संवे. दना है, लेकिन इतने बड़े समागम पर सवाल उठाना सही नहीं है.महाकुंभ को एक धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन बताते हुए आराधना मिश्रा ने कहा कि इस तरह के समागमों को लेकर कोई भी नकारात्मक बयान देना न केवल अनुचित है, बल्कि यह लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है. जो सनातन धर्म से जुड़ा हुआ है, उस पर सवाल उठाना न केवल गलत है, बल्कि यह समाज में अस्थिरता उत्पन्न करने वाला है.

# अलीगढ़ में एफसीआई भंडारण केंद्र में रखे हजारों टन अनाज में कीड़े लगे, 20 कर्मियों को नोटिस जारी

अलीगढ़ जिले की छह मीट फैक्टरियों पर चार विभागों की तीन टीमों ने 17 फरवरी को छापे मारे। इनमें काफी अनियमितताएं मिली हैं। इस दौरान फैक. टरी संचालकों ने टीम को अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए और 18 फरवरी को देने की बात कही है। टीम ने पानी और मांस के नमूने भरे हैं।डीएम के निर्देश पर पशुपालन विभाग, खाद्य सुरक्षा, प्रदूषण विभाग और पुलिस तीन संयुक्त टीमों ने यह कार्रवाई की। हर टीम की अगुवाई एक मजिस्ट्रेट ने की। कार्रवाई से फैक्टरी संचालकों में खलबली मच गई और वह भी मौके पर पहुंच गए। जांच के दौरान फैक्टरियों में भारी अनियमितताएं मिली है, जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। इनसे भरे गए करीब छह नमूनों को जांच के लिए भेजा जा रहा है।अलतबारक मीट फैक्टरी में बीफ मिलने के बाद से दो माह से जांच लंबित पड़ी थी। 17 फरवरी को टीमें करीब 11 बजे अलदुआ प्राइवेट लिमिटेड, अलहम्द, अलाना, फेयर एक्सपोर्ट, अल तबारक, अलहसन, अल हम्मार और एचएमए मीट फैक्टरी पर पहुंची। इनमें एचएमए और अलत. बारक पहले से ही सील है। छह फैक्टरियों का निरीक्षण कर टीमों ने 24 बिंदुओं पर जांच की। इस दौरान कई अभिलेख नहीं मिले हैं।चार विभागों की टीमो के साथ मीट फैक्टरियों की जांच की गई। जहां भी कमियां मिली उन्हें हिदायत दी गई है। इस दौरान प्रदूषण और फूड सेफ्टी विभाग ने नमूने भी भरे है। जिसकी जांच होगी। सभी विभाग संयुक्त रिपोर्ट सौंपेंगे। एएमयू में एफडीए की टीम ने भी पहुंच कर पिछले दिनों सुलेमान हॉल से मीट का नमूना लिया था। यह जांच के लिए भेजा गया था। इस बात की भी जांच की जा रही है कि किस मीट फैक्टरी से एएमयू के सुलेमान हॉल तक मीट पहुंचा था।

## नीरज–शहरयार पार्क में दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, पुष्प एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का आयोजन 21 व 22 फरवरी को

अलीगढ़ जिला उद्यान अधिकारी बलजीत सिंह ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी स्थित नीरज–शहरयार पार्क में दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, पुष्प एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का आयोजन 21 व 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से किया जाएगाउन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में शाकभाजी, फल एवं पुष्प उत्पादक किसानों एवं उद्यान प्रेमियों द्वारा विभिन्न वर्गों में प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने मण्डल के सम्मानित कृषकों, औद्यानिक उत्पादकों एवं आमजन से अनुरोध किया है कि प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा अपने प्रदर्श लगाकर प्रतिभाग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनी में प्रदर्शों की एण्ट्री 20 व 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे तक की जाएगी।

## दादों थाना क्षेत्र में दबंगों के डर से एक मुस्लिम परिवार द्वारा अपने मकान पर पोस्टर लगाने की खबर को कवर करना एक पत्रकार को उस समय महंगा पड़ गया



दादों थाना क्षेत्र में दबंगों के डर से एक मुस्लिम परिवार द्वारा अपने मकान पर पोस्टर लगाने की खबर को कवर करना एक पत्रकार को उस समय महंगा पड़ गया, जब न्यायालय में विचाराधीन मकान के एक मामले में दबंग मानसिकता वाले लोगों ने जबरन फर्जी बैनामा करा लिया। जिससे मुस्लिम समुदाय के लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने दबंगों के डर से अपने मकान की दीवारों पर मकान बिकाऊ है का पोस्टर लगा दिया। मुस्लिम समुदाय के लोगों के पलायन की खबर मिलने पर स्थानीय पत्रकार मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पुलिसकर्मी पलायन कर रहे ला. ेगों के घरों से पोस्टर हटा रहा है। यह बात सिपाही को पसंद नहीं आई। तभी वहां मौजूद सिपाही ने घटना की कवरेज कर रहे पत्रकार को लाठी से पीटना शुरू कर दिया। उसने उसके मोबाइल पर डंडा मारकर उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। मामला हाथ से निकलता देख पत्रकार से बदसलूकी करने वाला सिपाही मौके से भागने लगा। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मकानों पर पलायन के पोस्टर लगे होने की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पलायन के पोस्टर हटवाए गए। पुलिस ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। मकान के मालिकाना हक को लेकर मामला सिविल कोर्ट अतरौली में विचाराधीन है। मिली जानकारी के अनुसार छर्रा सकरा रोड निवासी जमील पुत्र तकी मोहम्मद का कहना है कि उसने करीब 36 साल पहले कस्बा निवासी इंद्रजीत से एक प्लाट खरीदा था। इस प्लाट को खरीदने के बाद उसने मकान बनवाया, जिस पर नगला परसी निवासी एक व्यक्ति ने इस मकान को प्लाट दिखाकर बैनामा करा लिया है। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने अतरौली न्यायालय में अपना वाद दायर किया, जो वर्तमान में विचाराधीन है। न्यायालय से यथास्थिति के आदेश जारी हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रभावशाली व्यक्ति और उसके साथियों ने फर्जी बैनामा करा दिया। यही कारण है कि न्याय न मिलता देख उसने अतरौली न्यायालय में वाद दायर किया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है। न्यायालय से यथास्थिति के आदेश जारी हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रभावशाली व्यक्ति और उसके साथियों ने फर्जी बैनामा करा दिया। यही कारण है कि न्याय न मिलता देख उसने अतरौली न्यायालय में वाद दायर किया है। 17 फरवरी को देर शाम पीड़ित जमील समेत करीब एक दर्जन परिवारों ने अपने मकानों पर श्मकान बिकाऊ हैश के पोस्टर चिपका दिए और श्गुंडों के डर से पलायनश की बात कही। पुलिस ने इसका संज्ञान लिया। थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित को समझाने का प्रयास किया। करीब चार घंटे बाद पोस्टर हटा दिए गए। इसी बीच एक स्थानीय पत्रकार ने मकान पर लगे श्मकान बिकाऊ हैश के पोस्टर फाड़ते हुए वीडियो बना लिया। यह देख एक सिपाही भड़क गया। उसने वीडियो बना रहे एक निजी संस्थान के पत्रकार पर डंडा मारा। डंडे से मारकर मोबाइल फोन तोड़ दिया। पुलिसकर्मी द्वारा पत्रकार पर डंडा मारने और उसका मोबाइल फोन तोड़ने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। खुद को चारों तरफ से घिरा देख पुलिसकर्मी मौके से भागने लगे। उन्होंने पत्रकार का मोबाइल तोड़ दिया और मौके से भाग गए। पुलिसकर्मियों की पूरी घटना को मौके पर मौजूद एक स्थानीय व्यक्ति ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## AMU कोर्ट में 100 से ज्यादा पद खाली, छह सालों से नहीं हुआ चुनाव

अलीगढ़ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सर्वोच्च शासी निकाय ।डन् कोर्ट में 100 से अधिक पदों के खाली रहने से शिक्षकों और स्टूडेंट्स में गहरी नाराजगी है. ।डन् कोर्ट में लोकसभा के सांसदों का चयन तो किया जा रहा है, लेकिन शिक्षकों, छात्रों और नॉन–टीचिंग स्टाफ के प्रतिनिधियों की सीटें पिछले छह वर्षों से रिक्त पड़ी हैं. इस मुद्दे पर टीचर्स एसोसिएशन और एग्जीक्यूटिव काउंसिल ने बुधवार को स्टाफ क्लब में संयुक्त प्रेस वार्ता कर विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. । कोर्ट में कई श्रेणियों के सदस्य होते हैं, जिनमें इलेक्टेड टीचर्स, छात्रों के प्रति. निधि, नॉन–टीचिंग स्टाफ के प्रतिनिधि और बाहर के शिक्षाविद् शामिल होते हैं. कुल 193 सीटों वाली इस बॉडी में 100 से ज्यादा पद खाली हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन पिछले छह सालों से इनका चुनाव नहीं करवा रहा है.।डन् टीचर्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी प्रो. उबैद अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 2017 से अब तक शिक्षकों और छात्रों की सीटें खाली पड़ी हैं, लेकिन एएमयू प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा. उन्होंने कहा कि पूर्व कुलपति प्रो. तारिक मंसूर के कार्यकाल में भी चुनाव नहीं हुआ और उनके एक्सटेंशन का एक साल बीत जाने के बाद भी रिक्त पदों को नहीं भरा गया. इसके बाद कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद गुलरेज के समय भी कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई और अब नियमित कुलपति प्रो. नईमा खातून के एक साल पूरे होने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है.कोर्ट के सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन नए सदस्यों के चयन के बिना ही पुराने सदस्यों से चां. सलर और ट्रेजरर का चुनाव कराने की योजना बना रहा है. इससे ।डन् टीचर्स एसोसिएशन में गहरा असंतोष है. शिक्षकों का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया अलोकतांत्रिक है और पारदर्शिता के खिलाफ है. अकादमिक काउंसिल के सदस्य प्रो. मोइन अली ने बताया कि एकेडमिक काउंसिल में भी शिक्षकों का चुनाव 5–6 साल से नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि एक्ट में सभी पदों का स्पष्ट उल्लेख है और विश्वविद्यालय प्रशासन को इन्हें भरने के लिए चुनाव कराना जरूरी है, लेकिन ।डन् इंतजामिया (प्रशासन) जानबूझकर चुनाव नहीं करवा रहा ताकि शिक्षक और छात्र अपने अधिकारों के लिए आवाज न उठा सकें. टीचर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रो. मो. हम्मद खालिद ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि ।डन् में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खत्म करने की साजिश हो रही है. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने को मिनी इंडिया कहा था, लेकिन यहां की लोकतांत्रिक स्थिति बेहद खराब है. जब तक ।डन् में लोकतांत्रिक प्रणाली बहाल नहीं होगी, पारदर्शिता नहीं आएगी. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने जल्द चुनाव नहीं कराए, तो शिक्षक भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन करेंगे.शिक्षकों ने यह भी सवाल उठाया कि जब भारत सरकार ने अपने द्वारा नामित सदस्यों की रिक्त सीटों को भर दिया है तो प्रशासन शिक्षकों, छात्रों और नॉन–टीचिंग स्टाफ की सीटें भरने में देरी क्यों कर रहा है ?एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य मोहम्मद मुराद ने कहा कि कोर्ट और एकेडमिक काउंसिल जैसी लोकतांत्रिक संस्थाओं का मजबूत होना जरूरी है. उन्होंने मांग की कि कोर्ट की बैठक तुरंत बुलाई जाए और रिक्त सीटों को भरने के लिए चुनाव कराए जाएं.

## अलीगढ की छर्रा विधानसभा क्षेत्र के धनीपुर ब्लॉक में समाजवादी पार्टी की पी.डी.ए पंचायत आयोजित की




अलीगढ की छर्रा विधानसभा क्षेत्र के धनीपुर ब्लॉक में समाजवादी पार्टी की पी.डी.ए पंचायत आयोजित की गई। गाँव गुरुसिकरन, खानाआलमपुर, बुढांसी,दीनदयाल, इटाबली,निधौला,आदि जगह पर च्क्ट पंचायतों का आयोजिन की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने की द्य बैठक को सम्बोधित करते हुये श्रीमति लक्ष्मी धनगर ने कहा कि इन पंचायत का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना और वर्तमान सरकार की नाक. ामियों और विफलताओं को उजागर करना है साथ ही समाज के सभी वर्गों को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में काम करना है । सभी सेक्टर और बूथ प्रभारियों से बूथ स्तर पर नए मतदाताओं को जोड़ने और पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक (च्क।) गठबंधन की सेक्टर स्तर पर पंचायत आयोजित करने एवं जमीनी स्तर पर काम करने का आग्रह किया गया । पी डी ए बैठक में समाजवादी प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह नायक, इगलास विधानसभा प्रभारी देवेंद्र प्रधान जी, जिला उपाध्यक्ष शाकिर अंसारी, युवा नेता मनी, कमल सिंह ,वीरेंद्र प्रधान जी, सतेन्द्र जाटव,अरविंद दिवाकर, आशु दिवाकर ,हरि प्रसाद जाटव, राजन, बहादुर ,आकाश बघेल ,सुनील ,रंजीत कुमार , पप्पू वाल्मीकि ,उमाशंकर ,प्रदीप गौतम, राम प्रसाद, अंकुर, वेद, हेमंत कुमार, अजय ,अनिल कुमार, डॉअब्दुल रहीम,शेर मोहम्मद इत्यादि सहित अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीटीए मार्ग के अलीगढ़–पलवल सेक्शन में भू–अर्जन से प्रभावित 19 ग्रामों में 20 फरवरी से बंटेगा प्रतिकर

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय रा. जमार्ग संख्या–334 अलीगढ़–पलवल से. क्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू–अर्जन से प्रभावित तहसील खैर के 19 ग्रामों कमशः चौधाना, ऐंचना, इतवारपुर, जलालपुर, लक्ष्मनगढ़ी, उदयगढ़ी, बांकनेर, बुलाकीपुर, नगला अस्सू, रेसरी, गनेशपुर, राजपुर, हीरपुरा, उसरह रसूलपुर, खेड़िया बुजुर्ग, रसूलपुर, स्यारौल, हामिदपुर एवं डोरपुरी के भू–स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है। उन्होंने बताया कि भू–अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू–स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उसरह रसूलपुर व खेड़िया बुजुर्ग में 20 फरवरी को, रेसरी एवं गनेशपुर में 21 फरवरी को, नगला अस्सू व बांकनेर में 22 फरवरी को, डा. ेरपुरी व स्यारौल में 24 फरवरी को, जलालपुर व इतवारपुर में 25 फरवरी को, हीरपुरा व बुलाकीपुर में 27 फरवरी को, हामिदपुर व रसूलपुर 28 फरवरी को, उदयगढ़ी व ऐंचना में 01 मार्च को, लक्ष्मनगढ़ी व चौधाना में 03 मार्च को और राजपुर में 04 मार्च को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र संपादित करते हुए प्रतिदिन की आख्या उपजिलाधिकारी खैर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## यूपी प्रभारी रूबी खान 20 को अलीगढ़ में करेगी कांग्रेसियों से संवाद

अलीगढ़। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी रूबी खान 20 फरवरी से अलीगढ़ में संगठन सशक्तिकरण अभियान शुरू करेंगी। यह दौरा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर आयोजित है। वे 22 फरवरी को अमरोहा, 23 को मुरादाबाद और 24 फरवरी को लखनऊ में संगठनात्मक बैठकें करेंगी। इसका उद्देश्य यूपी कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग को महिलाओं, युवाओं और जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत करना है। रूबी खान प्रदेश के सभी जिलों में नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलकर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का सशक्तिकरण संदेश पहुंचाएंगी। उनके साथ यूपी पूर्व व पश्चिम के सह–प्रभारी शिबली मंजूर और महमूद खान भी रहेंगे। यह दौरा अल्पसंख्यक विभाग में नई ऊर्जा का प्रतीक माना जा रहा है।

## वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत, परिवार में छाया मातम

मीरा देवी अपने जेठ के बेटे सुभाष के साथ अलीगढ़ से बाइक से गांव लौट रही थीं। रात करीब नौ बजे उनकी बाइक जीटी रोड स्थित पनैठी ओवर ब्रिज नीचे से गुजर रही थी। इसी दौरान कोई वाहन बाइक में टक्कर मारकर निकल गया।जीटी रोड पर गांव पनैठी के पास 17 फरवरी की रात अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक पर पीछे बैठी महिला उछलकर सड़क पर गिरी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।अकराबाद के मजरा कुआगांव निवासी मीरा देवी (40) पत्नी नैपाल सिंह 17 फरवरी की रात अपने जेठ के बेटे सुभाष के साथ अलीगढ़ से बाइक से गांव लौट रही थीं। रात करीब नौ बजे उनकी बाइक जीटी रोड स्थित पनैठी ओवर ब्रिज नीचे से गुजर रही थी। इसी दौरान कोई वाहन बाइक में टक्कर मारकर निकल गया। इससे बाइक पर पीछे बैठी महिला बाइक से उछलकर सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इससे मीरा देवी की मौके पर ही मौत हो गई।थाना पुलिस का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वह अपने पीछे बेटी रजनी, दामिनी, रामधारा और पुत्र हितेश को रोता छोड़ गई है।

## अलीगढ़ में 75 वर्ष का बुजुर्ग दर–दर . भटक रहा है इंसाफ के लिए

अलीगढ़ में थाना क्वार्सी क्षेत्र के ग्राम महेशपुर में भू माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है जिसमें एक 75 वर्षीय इश्तियाक खान के प्लाट पर जबरन कब्जा कर रहे विपक्षी शेर सिंह का मामला है। पीड़ित इश्तियाक खान लगभग पांच वर्षों से तहसील स्तर पुलिस प्रशासन जिला अधिकारी, कमिश्नर के यहां लगातार दर–दर भटक रहा है। पीड़ित द्वारा यह भी बताया गया कि जब भी वह अपने प्लॉट पर निर्माण करने के लिए जाता है, तो भू माफिया शेर सिंह द्वारा उसे धमका कर डरा कर वहां से भगा दिया जाता है। जबकि विपक्षी शेर सिंह अपने हिस्से के रकवे से भी ज्यादा जमीन बेच चुका है। पीड़ित ने यह भी बताया की उसने पूर्व में कई बार तहसील स्तर से टीम ले जाकर अपने प्लाट की जांच कराई ,तो उस जांच में पीड़ित सही पाया गया। मगर उसके बावजूद भी पीड़ित को अपने प्लाट पर काम करने का हक नहीं मिल रहा है। पीड़ित द्वारा यह भी बताया गया की अभी कुछ दिन पहले तहसील स्तर से लेखपाल, कांनूनगो, क्वार्सी थाने का फोर्स के समक्ष जांच की गई ।उ. समें भी पीड़ित इश्तियाक खान को सही बताया गया, और विपक्षी शेर सिंह को यह कहा गया कि यह तुम्हारे खेत नंबर 351 नहीं है यह पार्ट गाटा संख्या 355 का है जो पीड़ित इश्तियाक खान का है। मगर विपक्षी शेर सिंह का ताल्लुक बीजेपी के नेताओं से है। जिससे पीड़ित को कोई न्याय नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि विपक्षी की हर तरफ अच्छी पकड़ बताई जा रही है। पीड़ित द्वारा यही बताया गया अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो, मैं ज्वलनशील पदार्थ डालकर अपनी आत्महत्या कर लूंगा।

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत, बारात से वापस लौट रहे थे

हाथरस : जिले में मंगलवार रात एक सड़क हादसा हो गया, जहां एक कार के पेड़ से टकरा गई. हादसे में दो युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है, जहां घायलों का इलाज चल रहा है. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुतकों के शव को पोस्टमार्ट के लिए भेजकर मामले की जांच में जुटी गई है.जानकारी केअनुसार, मथुरा जिले के थाना राया क्षेत्र के गांव बाढ़ोंन के दो भाई प्रवीण उर्फ प्रिंस (21) व मंजीत (17) साल अपने दोस्त शिवम (22) और रवि के साथ हा. थरस में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे. जब यह लोग देर रात वापस लौट रहे थे, तभी मथुरा रोड पर गांव दर्शना के नजदीक इनकी कार एक पेड़ से टकरा गई. हादसे में शिवम और मंजीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि

प्रवीण उर्फ प्रिंस और रविंद्र घायल हो गया.सूचना पर मौके पर पुहंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. वहीं, पुलिस दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

इस पूरे मामले पर सीओ हिमांशु माथुर ने बताया किमुरसान थाना क्षेत्र में मथुरा रोड पर गांव दर्शना के पास एक कार पेड़ से टकरा गई थी. हादसे में दो युवकों की मौत हुई है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मरने वाले मथुरा जिले के रहने वाले थे.

## हाथरस में किन्नरों के बीच आपसी विवाद ने लिया हिंसक रूप

हाथरस में किन्नरों के बीच आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इगलास रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने कुछ लोगों ने 30 वर्षीय किन्नर नितिन को गोली मार दी। नितिन मोहल्ला बालापट्टी, थाना कोतवाली सदर हाथरस का रहने वाला है। गोली उसके पीछे लगी। उसके साथी तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया।पहले भी हो चुका है विवाद पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में मनीषा किन्नर गुरु और चंचल के अलावा तीन अज्ञात लोग शामिल हैं। किन्नरों के बीच नेक को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस दौरान कई बार मारपीट की घटनाएं भी हो चुकी हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## अंडरपास के लिए ग्रामीणों का धरना जारी

हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव ठूलई में मथुरा–बरेली राजमार्ग पर अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों व स्थानीय लोगों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा।ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की ऊंचाई करीब पांच फुट है। इसके दोनों तरफ मलखान सिंह इंटर कॉलेज, मलखान सिंह डिग्री कॉलेज, वैष्णव ग्लोबल स्कूल और वीरांगना लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज हैं। ऐसे में ऊंचाई अधिक होने के कारण न केवल किसानों को ट्रैक्टर चढ़ाने–उतारने में दिक्कत होगी, बल्कि विद्यार्थियों को भी अपने स्कूल या कॉलेज जाने में असुविधा होगी।मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष बंटी ठाकुर ने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।यह समस्या क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी है। अंडरपास और सर्विस रोड की मांग पूरी हो जाएगी तो धरना–प्रदर्शन खत्म कर दिया जाएगा।अनूप ठाकुर, ठूलई राष्ट्रीय राजमार्ग काफी ऊंचा होने के कारण गांव जाने के लिए काफी दिक. कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रशासन और एनएचएआई के अधिकारियों को मांग की गंभीरता समझनी चाहिए।

## उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मथुरा बरेली मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा

हाथरसरू उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मथुरा बरेली मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार चारों युवक एक शादी समारोह में शामिल होकर मथुरा जा रहे थे। इसी दौरान यह भीषण हादसा हो गया। वहीं हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, मथुरा जिले के थाना राया क्षेत्र के रहने वाले चार युवक हाथरस में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।वापस लौट रहे थे राया मंगलवार की देर रात करीब 1रू30 बजे शादी में शामिल होकर वापस मथुरा जिले के राया लौट रहे थे, तभी कोतवाली मुरसान क्षेत्र में मथुरा रोड स्थित गांव दर्शना के पास उनकी अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में कार में सवार 21 वर्षीय शिवम पुत्र पुरुषोत्तम उर्फ बबलू और 18 वर्षीय मंजीत पुत्र ओमवीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे में मृतक मंजीत का भाई प्रिंस और उसका दोस्त रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी। सूचना मिलने के बाद परिवार में मातम पसर गया। परिजन घटना की जानकारी मिलते ही बेसुध हो गए।

## उत्तर मध्य रेलवे ने हाथरस से दिल्ली रूट पर चलने वाली . तीन पैसेंजर ट्रेनों का संचालन 28 फरवरी तक रोक

उत्तर मध्य रेलवे ने हाथरस से दिल्ली रूट पर चलने वाली तीन पैसेंजर ट्रेनों का संचालन 28 फरवरी तक के लिए रोक दिया है। इन ट्रेनों के कोच कुंभ मेले के लिए प्रयागराज भेज दिए गए हैं। बंद की गई ट्रेनों में हाथरस किला से दिल्ली जाने वाली एचएडी पैसेंजर शामिल है। टूंडला से दिल्ली जाने वाली टीडी पैसेंजर और ईएमयू पैसेंजर ट्रेन भी रद्द कर दी गई हैं।हाथरस किला, हाथरस जंक्शन, मानिकपुर और सासनी स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेनों के रद्द होने की जानकारी मिली। कई यात्री घंटों तक ट्रेनों का इंतजार करते रहे। जब उन्हें पता चला कि अगले 10 दिन तक ट्रेनें नहीं चलेंगी, तो वे वापस लौट गए। यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी।कुछ ने अपनी यात्रा स्थगित कर दी। कई यात्री बस और अन्य वाहनों से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। इस कारण रोडवेज बस स्टैंड और प्राइवेट बस अड्डों पर भीड़ बढ़ गई है। हा. थरस किला से हाथरस जंक्शन होते हुए दिल्ली जाने वाली एचएडी पैसेंजर के बंद होने से इस रूट के यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

## हाथरस में महाशिवरात्रि के मद्देनजर कावड़ यात्रा की तैयारियां शुरू

हाथरस में महाशिवरात्रि के मद्देनजर कावड़ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिलाधिकारी राहुल पांडेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कावड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने तालाब चौराहा, पुलिस लाईन, मैंडू फाटक, हाथरस जंक्शन, कैलोरा चौराहा, वाहनपुर और ठुलई तक का दौरा किया। डीएम ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि कैंप सड़क से हटकर लगाए जाएं। लोक निर्माण विभाग को सड़कों के गड्ढे भरने, ब्रेकर लगाने और रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। एनएचएआई को टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए कहा गया। खराब स्ट्रीट लाइट्स को तुरंत ठीक करने के आदेश दिए गए। कावड़ यात्रियों के लिए फुटपाथ बनाने और संकरी सड़कों को चौड़ा करने की योजना है। रात में सुरक्षित यात्रा के लिए रिफ्लेक्टर और बै. रिकेड्स लगाए जाएंगे। क्षेत्राधिकारी पुलिस को कावड़ियों को टोली में भेजने के निर्देश दिए गए हैं।कैंप में बिजली, पानी और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों को प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर, प्रभारी निरीक्षक और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## हाथरस के हसायन क्षेत्र स्थित गांव बनवारीपुर में श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर परिसर में तेईसवां प्राकट्योत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया

हाथरस के हसायन क्षेत्र स्थित गांव बनवारीपुर में श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर परिसर में तेईसवां प्राक. ट्योत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वधर्म सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।समारोह में कुल ग्यारह कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ। इनमें दस हिंदू कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार किया गया। एक मुस्लिम कन्या का निकाह मौलाना हाफिज द्वारा कुरान शरीफ पढ़कर कराया गया। आयोजकों ने बारातियों का तिलक कर स्वागत किया।श्री बांके बिहारी जी महाराज की भव्य शोभायात्रा बैंड–बाजों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में कलशयात्रा भी शामिल थी। सभी ग्यारह दूल्हों को घोड़ियों पर बिठाकर गांव में बारात निकाली गई। मंदिर परिसर में द्वारचार और जयमाला की रस्म संपन्न हुई। बारातियों के लिए दावत का आयोजन किया गया।हिंदू रीति–रिवाज से विवाह करने वाले नवद. पतियों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। सुमंगली सहित सभी वैवाहिक परंपराएं पूरी की गईं। मंदिर परिसर में भक्तों और बारातियों ने जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### हाथरस में यूपी बोर्ड परीक्षाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राहुल पांडे ने केंद्र व्यवस्थापकों और मजिस्ट्रेटों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की

यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं के लिए 96 परीक्षा केंद्र चिह्नित किए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन्हें इंटरनेट से जोड़कर कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी।जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए हैं कि नकल कराने या परीक्षार्थी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के पेपर देने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। इस स्थिति में केंद्र प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे विद्यालय को भविष्य में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर कर्मचारियों को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केवल आवश्यक कक्षों को ही खोला जाएगा।अनावश्यक कक्ष खुले पाए जाने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई होगी। परीक्षा समाप्त होते ही उत्तर पुस्तिकाओं को कक्ष में ही सील किया जाएगा। इस नियम का उल्लंघन करने वाले केंद्रों की परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराई जाएगी। एसपी ने चिरंजीव नाथ सिन्हा बताया कि परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू रहेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध रहेगा।दस सचल दलों का किया गया है गठनजिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले में 96 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गये हैं। जिनमें 4 राजकीय माध्यमिक विद्यालय, 45 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, 47 वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालय है। जिनमें हाईस्कूल के 21948 तथा इंटरमीडिएट के 23963 छात्रध्छात्राओं परीक्षा देंगे।96 परीक्षा केंद्रों पर 96 केंद्र व्यवस्थापक, 96 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 96 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 20 सैक्टर मजिस्ट्रेट, 04 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं।परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति कर दी गयी है। 10 सचल दलों का गठन किया गया है, जो परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। बैठक में अन्य अधिकारी व केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे।

## हाथरस में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई

हाथरस में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चाणक्य शाखा ने शहर में तरफरा रोड स्थित गणेश मंदिर में प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के बाद ज्योति रैली निकाली गई। रैली चामड़ गेट स्थित शिवाजी चौक पर समाप्त हुई।छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही आरती की गई और मशाल प्रज्वलित की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख पवन ने शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिवाजी महाराज एक महान योद्धा और न्यायप्रिय शासक थे। उन्होंने मराठा समाज की स्थापना की और मातृभूमि की रक्षा के लिए मुगलों से संघर्ष कर विजय प्राप्त की। उन्होंने कभी शत्रुओं से हार नहीं मानी।यह रहे मौजूद.कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संचालक डॉ. पीपी सिंह ने आरती की। बाजीराव मराठा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर दुर्गेश जी, हजारी लाल, अखिलेश अग्रवाल, वीरेंद्र माहौर सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद थे।

## उत्तर मध्य रेलवे ने हाथरस से दिल्ली रूट पर चलने वाली तीन पैसेंजर ट्रेनों का संचालन 28 फरवरी तक के लिए रोक दिया

उत्तर मध्य रेलवे ने हाथरस से दिल्ली रूट पर चलने वाली तीन पैसेंजर ट्रेनों का संचालन 28 फरवरी तक के लिए रोक दिया है। इन ट्रेनों के कोच कुंभ मेले के लिए प्रयागराज भेज दिए गए हैं। बंद की गई ट्रेनों में हाथरस किला से दिल्ली जाने वाली एचएडी पैसेंजर शामिल है। टूंडला से दिल्ली जाने वाली टीडी पैसेंजर और ईएमयू पैसेंजर ट्रेन भी रद्द कर दी गई हैं।हाथरस किला, हाथरस जंक्शन, मानिकपुर और सासनी स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेनों के रद्द होने की जानकारी मिली। कई यात्री घंटों तक ट्रेनों का इंतजार करते रहे। जब उन्हें पता चला कि अगले 10 दिन तक ट्रेनें नहीं चलेंगी, तो वे वापस लौट गए। यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी।कुछ ने अपनी यात्रा स्थगित कर दी। कई यात्री बस और अन्य वाहनों से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। इस कारण रोडवेज बस स्टैंड और प्राइवेट बस अड्डों पर भीड़ बढ़ गई है। हाथरस किला से हाथरस जंक्शन होते हुए दिल्ली जाने वाली एचएडी पैसेंजर के बंद होने से इस रूट के यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

## नाली साफ करने के विवाद में महिला व बच्चों को पीटा

कासगंज। सहावर क्षेत्र के ताली में सोमवार की सुबह नाली साफ कर रही महिला का गांव के लोगों से विवाद हो गया। महिला को बचाने आए उसके बच्चों की भी आरोपियों ने पिटाई कर दी। महिला ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।गांव ताली निवासी महिला ऊषादेवी सोमवार की सुबह नाली की सफाई कर रही थी। उसी दौरान गांव धीरसिंह उसे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी धीर सिंह व उसके दो पुत्र पातीराम, अमित कुमार व मुनीश कुमार ने सरिया व दरांती से उस पर प्रहार कर दिया। महिला व उसके बच्चों के शरीर में चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास के लोग महिला व बच्चों को बचाने के लिए उनकी ओर दौड़ पड़े। लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग गए। मामले में महिला ने चारों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी प्रवेश राणा ने बताया कि महिला व बच्चों की पिटाई के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

## हाथरस में यूपी बोर्ड परीक्षाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राहुल पांडे ने केंद्र व्यवस्थापकों और मजिस्ट्रेटों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की



हाथरस में यूपी बोर्ड परीक्षाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राहुल पांडे ने केंद्र व्यवस्थापकों और मजिस्ट्रेटों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं के लिए 96 परीक्षा केंद्र चिह्नित किए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन्हें इंटरनेट से जोड़कर कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी।जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए हैं कि नकल कराने या परीक्षार्थी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के पेपर देने पर एफआ. ईआर दर्ज की जाएगी। इस स्थिति में केंद्र प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे विद्यालय को भविष्य में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर कर्मचारियों को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केवल आवश्यक कक्षों को ही खोला जाएगा। अनावश्यक कक्ष खुले पाए जाने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई होगी। परीक्षा समाप्त होते ही उत्तर पुस्तिकाओं को कक्ष में ही सील किया जाएगा। इस नियम का उल्लंघन करने वाले केंद्रों की परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराई जाएगी। एसपी ने चिरंजीव नाथ सिन्हा बताया कि परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू रहेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध रहेगा।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले में 96 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गये हैं। जिनमें 4 राजकीय माध्यमिक विद्यालय, 45 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, 47 वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालय है। जिनमें हाईस्कूल के 21948 तथा इंटरमीडिएट के 23963 छात्रध्छात्राओं परीक्षा देंगे।96 परीक्षा केंद्रों पर 96 केंद्र व्यवस्थापक, 96 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 96 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 20 सैक्टर मजिस्ट्रेट, 04 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं।परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति कर दी गयी है। 10 सचल दलों का गठन किया गया है, जो परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। बैठक में अन्य अधिकारी व केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे।

# केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार देश के नए चीफ इलेक्शन कमिश्नर बनाए गए

1988 बैच के IAS अधिकारी और मौजूदा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है. आज बुधवार को दिल्ली में वो अपना पदभार संभालेंगे, ज्ञानेश कुमार देश के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त बने हैं. उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा. नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वो पहले सीईसी है. ज्ञानेश कुमार के परिवार के कई सदस्य बड़े प्रशासनिक पदों हैं. इनमें से दो अधिकारी उत्तर प्रदेश में भी है. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इन दिनों काफी सुर्खियों में बने हुए हैं. उनके परिवार में कई सदस्य बड़े प्रशासनिक पदों पर हैं. इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा IAS से लेकर भारतीय पुलिस सेवा IPS और भारतीय राजस्व सेवा IRS समेत कई अहम पद भी शामिल हैं. वहीं यूपी के कासगंज और सहारनपुर के डीएम से भी उनका खास कनेक्शन हैं. सीईसी ज्ञानेश कुमार के भाई मनीष कुमार आईआरएस अधिकारी हैं. उनकी बहन रोली के पति उपेंद्र कुमार जैन भी आईपीएस अधिकारी हैं और इन दिनों मध्य प्रदेश में अपर पुलिस महानिदेशनक के पद पर तैनात है. वहीं उनकी बेटा मेधा रूपम साल 2014 बैच की आ. ईआरएस अधिकारी है और इस समय उत्तर प्रदेश का कासगंज जिले में उनकी तैनाती है. मेधा रूपा कासगंज की जिलाधिकारी है. मेधा के पति और मनीष बंसल भी बड़े अधिकारी है. वो इस समय यूपी के सहारनपुर जिले में तैनात है. मनीष बंसल सहारनपुर के डीएम हैं. जबकि सीईसी की दूसरी बेटी आभिश्री भी आईआरएस अधिकारी हैं. इस तरह के उनके परिवार में भाई, बहनोई, बेटियां और दामाद सभी प्रशासनिक पदों पर हैं. ज्ञानेश कुमार 1988 केरल कैडर के सेवा. निवृत्त आईएएस अधिकारी हैं. इससे पहले वह संसदीय कार्य मंत्रालय और सहकारिता मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं. गृह मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. अब उन्हें नया चुनाव आयुक्त बनाया गया है. कानून मंत्रालय ने सोमवार रात को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी थी. जिसके बाद आज बुधवार को वो अपना पद संभालेंगे. मौजूदा CEC राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हुए हैं.

## कासगंज में दर्दनाक सड़क हादसा, चाचा –भतीजे की मौके पर हुई मौत

कासगंज जनपद की कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी के कट पर दर्दनाक सड़क हादसा घटित होने की सूचना मिली है। आवास विकास कट पर डी सी एम केंटर का का चालक वाहन को मोड़ रहा था तभी सोरों की और से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर डी सी एम से जा टकराई। टक्कर लगने के बाद बाइक पर सवार दौनों युवक गंभीर रूप से चोटिल होकर नीचे गिर गए, आनन फानन में राहगीरों ने उन्हें उठाने की कोशिश की परन्तु वे बेहोश हो गए। उनके शरीर से रक्त बहता देख स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचित करते हुए उन्हें एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां दौनों की पहचान हरीसिंह पुत्र कुन्दन सिंह उम्र 28 वर्ष लगभग व ज्ञान सिंह पुत्र पुत्र नेपाल सिंह उम्र 20 वर्ष लगभग निवासी गण नगला भूड़ कोतवाली क्षेत्र नगर के रूप में हुई। चिकित्सक द्वारा दौनों घायलों का परीक्षण किया गया। जिसके उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया, जानकारी मिलने पर उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया और दोनों  शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। दुर्घटना की सूचना के बाद मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे जहां दौनों को मृत देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई है। मौके पर मौजूद परिजन द्वारा बताया गया कि ये दोनों रिश्ते में चाचा भतीजे थे। सोरों की तरफ से कासगंज की ओर आ रहे थे कि अचानक आवास विकास कट के समीप बैक हो रही केंटर से जा टकराए। मौके पर बाइक भी रोड पर टूटी हुई पड़ी है। केंटर पर राजस्थान का नम्बर है केंटर खाली थी और सम्भावना है कि चालक उसे प्रेसर पर धुलवान को लेकर आया था।

## कासगंज में मटर बेचकर लौट रहे किसान की मौत अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, चालक फरार, मुकदमा दर्ज

कासगंज संवावदाता/अमित कुमार मोहनपुरा मटर मंडी के पास एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान एटा जिले के नगला हजु गांव निवासी संतोष (पुत्र श्याम लाल) के रूप में हुई है। संतोष मटर बेचकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। मोहनपुरा मटर मंडी के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।घटना के बाद मृतक के घर पर जमा हुए स्थानीय लोग।घटना के बाद मृतक के घर पर जमा हुए स्थानीय लोग।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।मृतक किसान बेहद गरीब था और एक झोपड़ी में अपने परिवार के साथ रहता था। उनके तीन बच्चे हैं, जो गांव में ही रहते हैं।किसान की मौत से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बुधवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे मटर बेचने के लिए जा रहे साइकिल सवार किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई

कासगंज: बुधवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे मटर बेचने के लिए जा रहे साइकिल सवार किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। उसकी मौत से परिजन में कोहराम मच गया। हादसा कासगंज–अलीगढ़ मार्ग पर हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जनपद एटा थाना मारहरा क्षेत्र के ग्राम नगला हरजू निवासी संतोष (37) पुत्र श्याम लाल साइकिल से पिवारी की ओर जा रहा था। कोल्ड स्टोर के समीप पहुंचने पर मोहनपुरा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। जानकारी पर पुलिस भी पहुंच गई। सड़क हादसे की जानकारी जब परिजनों को हुई तो उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी दो बेटी 13 वर्षीय सरिता, 6 वर्षीय पूनम और 5 वर्षीय बेटा है। उसकी मौत से तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। मृतक संतोष की पत्नी विनीता और उसकी मां दुलारी का रो–रोकर बुरा हाल है।

## पति ने उजाड़ दी जिंदगी...फिर देवर की भाभी पर बिगड़ी नीयत, घर में बंधक बना किया ऐसा हालय हर पल मरती रही वो

कासगंज के ढोलना क्षेत्र की विवाहिता ने अपने देवर पर दुष्कर्म करने व पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पति सहित पांच ससुरालीजन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की शादी फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद के मीरी कटरा निवासी सचिन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करते हुए उत्पीड़न किया जाने लगा। महिला का आरोप है पति ने दूसरी शादी कर ली। देवर आक. ाश ने घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला।महिला ने न्याय पाने को कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट ने पति, देवर सहित पांच ससुरालीजन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एटा के मानिकपुर गांव में एक पिता को दहेज के कारण बेटी की शादी टूटने का दर्द झेलना पड़ा

एटा के मानिकपुर गांव में एक पिता को दहेज के कारण बेटी की शादी टूटने का दर्द झेलना पड़ा है।पीड़ित पिता रमेश ने एसएसपी श्याम नारायण सिंह से न्याय की गुहार लगाई है।रमेश ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रूबी का रिश्ता थाना अवागढ़ के खुशरई निवासी भंवरपाल के बेटे अंकित से तय किया था। रिश्ता मध्यस्थ देशराज की मदद से 15 लाख रुपए में तय हुआ था। दिसंबर में मुंह दिखाई के बाद लड़के वालों ने रोका कर लिया और पिता ने 5 लाख रुपए नकद भी दे दिए।20 दिसंबर को गोद भराई की रस्म तय थी। इसी दौरान लड़के वालों ने स्कॉर्पियो कार की मांग कर दी। रमेश ने कार देने में असमर्थता जता. ई।14 फरवरी को होने वाली शादी की सभी तैयारियां हो चुकी थीं। हॉल और कैटरिंग भी बुक कर ली गई थी। लेकिन कार नहीं मिलने पर दूल्हे ने शादी से मना कर दिया।पीड़ित पिता ने अंकित, उसकी मां नीरज देवी और भंवरपाल के दामाद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। थाने में शिकायत का कोई असर नहीं होने पर वे एसएसपी के पास पहुंचे। एसएसपी ने मामले में हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## एटा में लाइसेंस बनवाने के दौरान फर्जीवाड़े का मामला सामने आया

एटा में लाइसेंस बनवाने के दौरान फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। । कार्यालय के बाहर दलालों का जमावड़ा लगा रहता है, जो लाइसेंस बनवाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। इस मामले में एक युवक मोहित मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय पहुंचा था। उसने । दफ्तर के बाहर दुकान लगाए बैठे पंकज यादव को हैवी लाइसेंस बनवाने के लिए 5000 रुपए दिए थे। जांच के दौरान फॉर्म पर स्वास्थ्य अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर पाए गए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी राममोहन तिवारी ने बताया कि फॉर्म में हस्ताक्षर फर्जी पाए जाने पर युवक को कोतवाली नगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।एटा सतेंद्र कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के आठ अधिकारियों को नामित किया गया है। सभी आवेदनों का आदान–प्रदान रजिस्टर्ड मेल आईडी से होता है। उन्होंने कहा कि यह धोखाधड़ी का मामला लगता है, क्योंकि वे कोई भी दस्तावेज मैन्युअली स्वीकार नहीं करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना से ।त्ज्ब कार्यालय के बाहर दलालों की सक्रियता और उनके द्वारा की जा रही अवैध वसूली का पता चला है।

## कासगंज के ततारपुर आवासीय कॉलोनी में देर रात एक मगरमच्छ ने दहशत फैला दी

कासगंज के ततारपुर आवासीय कॉलोनी में देर रात एक मगरमच्छ ने दहशत फैला दी। मगरमच्छ हजारा नहर से निकलकर कॉलोनी की सड़कों पर आ गया।एक स्थानीय व्यक्ति ने सबसे पहले मगरमच्छ को देखा। उसने तुरंत शोर मचाया। इसके बाद कॉलोनी के लोग जमा हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रस्सियों का इस्तेमाल करके मगरमच्छ को काबू में किया।कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ा गया। फिर उसे वापस हजारा नहर में छोड़ दिया गया। कोतवाली कासगंज क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है।

## कासगंज की एक महिला को ऑनलाइन ठगी से मुक्ति मिल गई

कासगंज की एक महिला को ऑनलाइन ठगी से मुक्ति मिल गई है। लवकुश नगर की रहने वाली सोना पाठक के साथ पन्ना खरीदने के दौरान साइबर ठगों ने 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। महिला ने इस मामले में कोतवाली कासगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर अपराधियों से पूरी रकम वसूल कर पीड़िता के खाते में वापस करा दी है।अन्य पीड़ितों को भी राहत मिलने की उम्मीद पैसे वापस मिलने पर सोना पाठक ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। साइबर अपराध के मामले देश भर में लगातार बढ़ रहे हैं। अपराधी आमतौर पर सीधे–साधे लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाते हैं। इस मामले में पुलिस की सफलता से अन्य पीड़ितों को भी राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## कासगंज : NDRF ने पुलिस वालों को दिए आपदा से निपटने के टिप्स, बताया सीपीआर का तरीका

कासगंज : गाजियाबाद से आई राष्ट्रीय आपदा मोचन बल यानि (एनडीआरएफ) की टीम ने मंगलवार को पुलिस सभागार में प्रशिक्षण दिया। आपदा से निपटने के तौर तरीके बताए। एनडीआरएफ के जवानों ने आपदा से पहले, आपदा के दौरान और आपदा के बाद में रेस्क्यू के तरीकों को उदाहरण सहित समझाया। पुलिस सभागार में करीब दो घंटे तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने पुलिस कर्मियों की शंकाओं का समाधान भी किया। एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़, भूकंप, अग्नि दुर्घटना आदि आपदा के समय बचाव के तरीकों, प्राथमिक उपचार और राहत कार्य की जानकारी दी। टीम ने रासायनिक आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल कर बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही विभिन्न आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों से भी कर्मियों को अवगत कराया। दुर्घटना के समय रक्तस्राव को रोकने, घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार करने, हृदयाघात रोगी को तत्काल ऑक्सीजन यानि सीपीआर देने के साथ–साथ भूकंप, बाढ़ अन्य महामारी से बचाव के उपाय बताए। साथ ही कहा कि आपदा के समय जहां तक हो सके बिना तकनीकी परामर्श के किसी भी चीज से छेड़छाड़ न करें, क्योंकि अनजाने में बचाव करने वाला ही बड़ी दुर्घटना का कारण भी बन सकता है। आपातकालीन स्थिति में घरेलू वस्तुओं का इस्तेमाल कर जीवन बचाए जाने की जानकारी दी।

## कासगंज : एक ही छत के नीचे अंग्रेजी शराब और बीयर की बहार, खुलेंगी 68 कंपोजिट शॉप्स




कासगंज। नई शराब नीति के तहत अब बियर और अंग्रेजी शराब की दुकानों को एक कर दिया है। एक ही परिसर में अब दोनों की बिक्री होगी। इसका मालिक भी एक ही रहेगा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिले में इस बार शराब की दुकानों के लिए ई–लॉटरी का सहारा लिया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि प्रदेश सरकार ने चालू वर्ष के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी हइस नई नीति में जो लोग पिछले काफी समय से शराब की दुकान का दोबारा से नवीनीकरण करा लेते थे, अब उन्हें लाइसेंस नहीं मिलेगा। जनपद भर में 68 कंपोजिट दुकानों का ई–लॉटरी के माध्यम से आवंटन होगा। जनपद में बीयर की 37 दुकानें खत्म होंगी और नई 68 कंपोजिट दुकानों पर बीयर–और अंग्रेजी शराब की बिक्री होगी। इस नई व्यवस्था से आबकारी विभाग को करोड़ों रुपये के राजस्व मिलने की संभावना है। प्रदेश सरकार ने आबकारी नीति वर्ष 2025–26 में बड़ा बदलाव किया है। नई नीति में देशी और अंग्रेजी शराब, बियर व भांग की फुटकर दुकानों का लाइसेंस ई–लाटॅरी के माध्यम से होगा। एक व्यक्ति को पूरे प्रदेश में अधिकतम दो ही दुकानं ही ई–लॉटरी प्रक्रिया में आवंटित की जा सकेंगी। ऐसी कंपोजिट दुकानें जो कम से कम 400 वर्ग फीट का क्षेत्रफल रखतीं हों और अन्य विभाग की शर्तों को पूरा करने की स्थिति में हों, उन्हें मॉडल शॉप में परिवर्तन किए जाने का विकल्प उपलब्ध होगा। जनपद में वर्तमान में 119 देशी शराब की दुकान, बीयर की 37 दुकानें संचालित हो रही हैं। जबकि जिले में कुल तीन मॉडल शॉप संचालित हैं। पांच भांग की दुकाने हैं। 17 फरवरी से 27 फरवरी तक होंगे ऑनलाइन आवेदन आवेदक की आयु कम से कम 21 वर्ष होना व उसका भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है, इसके अलावा आवेदक केवल व्यक्तिगत आवेदन कर सकता है, भागीदारी अथवा कंपनियां फुटकर दुकानों के लिए पात्र  नहीं होंगी। प्रत्येक आवेदक प्रति दुकान केवल एक आवेदन कर सकता है परंतु एक व्यक्ति पूरे प्रदेश में अधिकतम दो दुकानों को ही प्राप्त कर सकता है। 17 फरवरी से 27 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। जानिए डीएम ने क्या कहा जिलाधिकारी कासगंज मेधा रूपम ने बताया कि आवेदक को आवेदन के साथ पैन कार्ड, हैसियत प्रमाण पत्र या अधिकृत आयकर वैल्युएर (मूल्यांकनकर्ता) द्वारा जारी ऋण शोधन क्षमता (हैसियत) प्रमाण पत्र जो दिनांक 1 जनवरी 2024 के पश्चात जारी किया गया हो,आयकर रिटर्न का विवरण तथा निर्धारित प्रारूप में 10 रुपए का नोटरीकृत शपथ–पत्र भी देना होगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि लॉटरी 2025–26 के माध्यम से आवंटित दुकानें 2026–27 के लिए नवीनीकरण योग्य होगी।